POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 18.09.2023

1.थाना बिसरख पुलिस द्वारा आम्रपाली ड्रीम वैली की निर्माणाधीन सोसायटी में हुयी लिफ्ट गिरने की घटना से सम्बन्धित घटना में वांछित (गिरधारी लाल कन्ट्रेक्शन प्रा0लि0 के) मैकेनिकल फोरमैन गिरफ्तार।

घटना क्रम का विवरण-- दिनांक 15.09.2023 को आम्रपाली ड्रीम वेली प्रोजेक्ट में प्रातः समय करीब 9 बजे कन्ट्रेक्शन साईट टेकजोन 4 में सी ब्लाक के टावर नं0 12 पर 14वीं मजिल से पैसेन्जर लिफ्ट गिर जाने के कारण 1.इस्ताक अली पुत्र इरशाद अली निवासी ग्राम फतेहजोर बिसरोलिया थाना कोतवाली बलरामपुर जिला बलरामपुर उ0प्र0 उम्र 23 वर्ष 2. अरूण तांती मंडल पुत्र रूदल मंडल निवासी ग्राम हुश्यारी थाना खौसी जिला बांका बिहार उम्र 40 वर्ष 3. विपोत मंडल पुत्र दीनू मंडल निवासी ग्राम भागूडीह थाना अहमदाबाद जिला कटियार बिहार उम्र 45 वर्ष 4. आरिस खान पुत्र शाकिर निवासी गांव सियाली जागीर थाना हसनपुर जनपद अमरोहा उम्र 22 वर्ष की मृत्यु हो गयी है तथा 05 व्यक्ति क्रमशः अरवाज पुत्र अर्शद निवासी ग्राम अजराड़ा थाना मुड़ाली जिला मेरठ उम्र 19 वर्ष 2. कुलदीप पुत्र दशरथ निवासी दीपकपुर थाना कोतवाली छिवरामऊ जिला कन्नौज उम्र 20 वर्ष 3. मानअली पुत्र मेहराज अली निवासी फेहतेजोर थाना रामपुर बन्धसरा जिला बलरामपुर उम्र 20 वर्ष 4. मौहम्मद अली खान पुत्र मौहम्मद आसिफ खान निवासी ग्राम सियाली थाना हसनपुर जिला अमरोहा उम्र 18 वर्ष 5. कैफ पुत्र नन्नू निवासी ग्राम अजराड़ा थाना मुराडी जिला मेरठ उम्र घायल अवस्था में जिला अस्पताल में उपचाराधीन थे जिसमें दिनांक 16.09.2023 को अरवाज,कुलदीप, मानअली व मौहम्मद अली उपरोक्त की मृत्यु दौराने इलाज हो गयी है व मोहम्मद कैफ जिला अस्पताल में उपचाराधीन है।

उपरोक्त घटना के सम्बन्ध में दौराने विवेचनात्मक कार्यवाही ज्ञात हुआ कि उक्त गिरफ्तार व्यक्ति गिरधारी लाल कन्ट्रेक्शन प्रा0लि0 कम्पनी का मैकेनिकल फोरमैन के पद पर कार्यरत है तथा कम्पनी की कन्सट्रक्शन साईट पर लगी सभी लिफ्ट की देखरेख / रिपेयरिंग व अन्य कार्य की जिम्मेदारी उक्त अभियुक्त राहुल की है तथा लिफ्ट लगातार खराब होती रहती थी जानबूझकर खराब लिफ्ट को सही कर-कर अपनी मर्जी से बारिश होने के बाबजूद भी चलाते रहे जबकि लिफ्ट कम्पनी इन्सपेन्टेक प्रा0 लि0 के द्वारा बारिश में लिफ्ट न चलाने के पूर्व में निर्देश दिया गया था जिसके चलते इनके द्वारा जानबूझकर लापरवाही की गई है जिससे एक अप्रिय घटना घटित हो गई।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 18.09.2023 को थाना बिसरख पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त राहुल पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी गांव भूडनगर पोस्ट आफिस वाली गली थाना कोतवाली नगर बुलन्दशहर उम्र 40 वर्ष को आम्रपाली ड्रीम वैली के पास बनी झुग्गी झौपड़ी के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण—

1. राहुल पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी गांव भूडनगर पोस्ट आफिस वाली गली थाना कोतवाली नगर बुलन्दशहर उम्र 40 वर्ष।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास—

1. मु0अ0सं0 777/2023 धारा 304/337/338/287/34 भादवि व 7 सीएल एक्ट थाना बिसरख कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

2.थाना बीटा-2 पुलिस द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक चोर गिरफ्तार, कब्जे से अवैध हथियार बरामद।

घटना क्रम का विवरण-- दिनांक 18.09.2023 को थाना बीटा-2 पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त दीपक पुत्र मन्थिस को अमृतपुरम गौलचक्कर के पास, थाना क्षेत्र बीटा-2 से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की एक फर्जी नम्बर प्लेट लगी मोटरसाइकिल स्पलेन्डर प्लस रंग काला रजिस्ट्रेशन नम्बर HR 20 U 9438 व 01 अवैध तमन्चा .315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुए है। अभियुक्त शातिर किस्म का वाहन चोर है, जो ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में दो पहिया वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। अभियुक्त खासकर स्पलेण्डर मोटरसाइकिलों को निशाना बनाकर रैकी करके चोरी कर, चोरी की गयी मोटरसाइकिलों को फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर बेचकर अवैध धन अर्जित करता है। अभियुक्त को पूर्व में भी चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था जो जमानत पाकर बाहर आया हुआ था।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण—

दीपक पुत्र मन्थिस निवासी संगापोस, थाना खेतांगर, जिला सिमगेडा, झारखण्ड वर्तमान पता तुगलपुर मंडी, थाना नॉलेजपार्क, गौतमबुद्धनगर।

अभियुक्त के आपराधिक इतिहास का विवरण--

1. मु0अ0स0 482/2023 धारा 414/482 भादवि व 3/25 आयुध अधिनियम थाना बीटा-2, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0 663/2019 धारा 380/411 भादवि थाना बीटा-2, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।
3. मु0अ0सं0 162/2022 धारा 380/411 भादवि थाना बीटा-2, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।
4. मु0अ0सं0 192/2022 धारा 380/411 भादवि थाना नालेजपार्क, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।
5. मु0अ0सं0 193/2022 धारा 414 भादवि थाना नालेजपार्क, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

बरामदगी का विवरण—

1. 1.चोरी की एक मोटरसाइकिल स्पलेन्डर प्लस रंग काला रजिस्ट्रेशन नम्बर एचआर 20 यू 9438 (फर्जी नम्बर प्लेट लगी)
   2. 01 अवैध तमन्चा .315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस .315 बोर